दिनांक : 11.01.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ऐतिहासिक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे, जनसभा को सम्बोधित करेंगे
- प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ आज़, मुख्यमंत्री ने कहा किसानों का कल्याण और उत्थान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दो नई सेवाओं- 'स्पीड पोस्ट 24' और 'स्पीड पोस्ट 48' की घोषणा की है।
- इंदौर शहर में नए बोरिंग पर प्रतिबंध।
- प्रदेश के दो जिलों में शीत लहर, खजुराहो में सबसे कम तीन दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज

प्रधानमंत्री गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के तीन दिन के दौरे में आज ऐतिहासिक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे। वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर पहले हमले के एक हजार वर्ष और आजादी के बाद 1951 में इसके पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर इसका आयोजन किया गया है। श्री मोदी आज मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वालों के सम्मान में आयोजित शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। वे सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद सोमनाथ में जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। इसके बाद श्री मोदी राजकोट में जीवंत गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। कल शाम सोमनाथ पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने ओंकार मंत्र पाठ में भाग लिया और मंदिर परिसर में आयोजित ड्रोन-शो देखा।

कृषक कल्याण वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष-2026 में विभागों की नीतियां और योजनाएं किसानों को केंद्र में रखकर बनेंगी। प्रदेश में यह वर्ष-2026 कृषक कल्याण को समर्पित रहेगा। मुख्यमंत्री आज भोपाल में प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष का शुभारंभ करेंगे। इसके पहले वे कृषि रथ एवं किसानों की ट्रेक्टर रैली रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के किसानों को कृषक कल्याण वर्ष में संचालित की जाने वाली गतिविधियों से अवगत करायेंगे। मुख्यमंत्री ने कृषक वर्ष-2026 के औपचारिक शुभारंभ के पूर्व संदेश देते हुए कहा कि किसानों का कल्याण और उत्थान मध्यप्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आगरमालवा, झाबुआ, मंडला और बैतूल और प्रदेशभर में राज्य स्तरीय कार्यक्रमो का आयोजन किए जाएंगे।

बजट पूर्व बैठक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मध्य प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री के अलावा मणिपुर के राज्यपाल, गोआ, हरियाणा, मेघालय, सिक्किम, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री तथा अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री बैठक में मौजूद थे। वित्त मंत्रालय ने बताया कि प्रतिभागियों ने वित्त मंत्री को केन्द्रीय बजट 2026-27 के लिये अनेक सुझाव दिए।

सड़क सुरक्षा

लोक निर्माण विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाते हुए 'लोकपथ 2.0' मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐप लॉन्च किया। लोकपथ 2.0' ऐप की खास बात यह है कि यात्रा के दौरान दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर पहुंचते ही चालकों को ऑडियो अलर्ट मिलेगा, जिससे वे गति नियंत्रित कर सकें। यह ऐप सड़क सुरक्षा को गूगल मैप्स से आगे ले जाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि देश में इस तरह का ऐप लॉन्च करने वाला मध्य प्रदेश पहला राज्य है।

स्पीड पोस्ट

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल भारतीय डाक की दो नई सेवाओं- 'स्पीड पोस्ट 24' और 'स्पीड पोस्ट 48' की घोषणा की है। ये सेवाएं 24 और 48 घंटे में डाक और दस्तावेजों को  सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी। श्री सिंधिया ने प्रदेश में शिवपुरी जिले के पिछोर में यह घोषणा की। यह डाक सेवाओं के आधुनिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं समयबद्ध, विश्वसनीय और त्वरित डिलीवरी का नया मानक स्थापित करेंगी। श्री सिंधिया ने इस दौरान 2 लाख की लागत से पुनर्निर्मित पिछोर उप डाकखाने का उद्घाटन किया तथा 1 करोड़ 11 लाख की लागत से बनने वाले नए उप कार्यालय भवन का शिलान्यास किया।

स्वच्छ जल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ जल पेयजल उपलब्ध करवाना नगरीय निकायों का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल भोपाल में बैठक में कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छ जलप्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा ये बड़ी चुनौती है लेकिन गंभीरता से सामना करें जिससे देश में एक आदर्श प्रस्तुत हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रांतव्यापी स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ किया। पहला चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। दूसरा  चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा।

बोरिंग प्रतिबंध

इंदौर अब शहर में नए बोरिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि नए बोरिंग में पेयजल से जुड़ी समस्याएं अधिक सामने आ रही हैं। भागीरथपुरा क्षेत्र सहित पूरे इंदौर की जल एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक में यह फैसला हुआ। बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि एहतियातन भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लिए अभियान शुरू किया जा रहा है। भागीरथपुरा के 30 प्रतिशत क्षेत्र में जल्द ही नर्मदा जल सीधे उपलब्ध कराया जाएगा। अभी शेष 70 प्रतिशत क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से शुद्ध नर्मदा जल की आपूर्ति की जाएगी।

प्रगति @50

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इसका शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। विशेष श्रृंखला में आज पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना पर एक रिपोर्ट...

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सामाजिक कार्यकर्ताओं को अपेक्षाकृत पिछड़े जरूरतमंदो और वंचित वर्गों के उत्थान का नेतृत्व करना चाहिए। राज्यपाल कल धरती आबा ग्राम उत्थान अभियान के अंतर्गत चयनित ग्राम भानपुर केकड़िया में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि सरकार जनजाति समुदाय को सशक्त और समर्थ बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मौसम

प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्रदेश के 15 से अधिक जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार छतरपुर और शिवपुरी जिलों में शीत लहर का असर रहा है। वहीं निवाडी के पृथ्वीपुर और दतिया जिलों में शीतल दिन रहा। अगले दो दिनों तक ठंड और कोहरे से राहत के आसार कम हैं।

समाचार संक्षेप में.......

- प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में ही स्कूली छात्रों को साइकल, पुस्तकें और स्कॉलरशिप का वितरण कर दिया जायेगा।
- कटनी में पानी की स्वच्छता और गुणवत्ता के लिए विशेष अभियान के तहत हर पेयजल स्रोत तथा हैंडपंप के पानी की जांच की जा रही है।
- नर्मदापुरम में "युवा दिवस" के उपलक्ष्य में एनएसएस इकाई और रेड रिबन क्लब के नेतृत्व में कल छात्राओं ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा की तथा उन्हें फल वितरित किए।

- एक जिला एक उत्पाद के तहत जबलपुर जिले के लिए चयननित मटर की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के उद्देश्य से आज से छः दिवसीय मटर महोत्सव का आयोजन शुरू हो रहा है
- रायसेन जिले में कल युवा दिवस पर  समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ सूर्यनमस्कार,प्राणायाम किया जाएगा।

-------